>

Title: Need for establishment of National level sports institution in Bagpat Parliamentary Constituency, Uttar Pradesh.

डॉ. सत्यपाल सिंह (बागपत): सभापति महोदय, मैं आपका बहुत-बहुत आभार प्रकट करता हूं । मैं सबसे पहले भारत सरकार से बागपत क्षेत्र के अपने नौजवानों और खिलाड़ियों के लिए एक राष्ट्रीय खेल संस्थान की साग्रह मांग करता हूं । इसका कारण यह है कि बागपत पूरे देश का शूटिंग में लगभग आधे बच्चे देता है, तीरंदाजी के क्षेत्र में एक तिहाई बच्चे देता है, कुश्ती में लगभग बारह खिलाड़ी अर्जुन अर्वाडीज हैं, कबड्डी, बास्केटबॉल, फुटबॉल और ट्रैक के अंदर राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर हमारे खिलाड़ी काम करते हैं ।

आज सुविधा के अभाव में हमारे यहां के बच्चे और खिलाड़ी हरियाणा, पंजाब और दिल्ली जाकर ट्रेनिंग लेते हैं । मैं आपके माध्यम से भारत सरकार, विशेष रूप से माननीय प्रधानमंत्री जी और खेल मंत्री जी से निवेदन करता हूं कि वहां एक राष्ट्रीय खेल संस्थान का जल्दी से जल्दी से निर्माण कराया जाए ।